अति रमणीये काव्यं पिशुनो दूषण मन्वेषयति

अति रमणीये वपुषि व्रणमिव मक्षिका निकर

अति सुन्दर काव्य में भी पिशुन (धूर्त्तपुरुष) दोषों को ही खोजता रहता है। जैसे कि अति सुन्दर शरीर में भी मक्षिकायें केवल व्रण (घाव) को ही खोजतीं हैं।

ऐसा कोई भी बुद्धिमान् मनुष्य संसार में न होगा जिसने कि धर्म और अधर्म की विचारणा में अपना थोडा वहुत समय न लगाया हो। धर्म क्या है और अधर्म क्या है प्राय: इसी विवेचना में नाना सम्प्रदायों के नाना ही ग्रन्थ बन चुके हैं और समय २ पर भिन्न २ मतावलम्बियों के इसी विषय पर लम्बे २ व्याख्यान और चौडे २ वादविवाद भी होते रहते हैं। एक समाज जिसको धर्म कहता है दूसरा समाज उसीको अधर्म कह कर पुकारता है। इस धर्म्माऽधर्म की ही चर्चा में स्वार्थ देवका साम्राज्य होने के कारण निर्णय के स्थान मे वितण्डावाद हो जाता है और शास्त्रार्थी शस्त्रार्थी बन जाते हैं। निर्मल हृदय वाले महात्माओं का अपमान होता है और पाषण्डियों का जय २ कार होने लगता है। *"धर्मेण हीना: पशुभि: समाना:"* धर्म्म के विना मनुष्य पशु समान है, इस न्याय के आधार पर कोई भी पुरुष पशुओं की सङ्ख्या में सम्मिलित होना नहीं चाहता। किसी अज्ञानी से भी पशु कहना उसको चिढ़ाना है।' परन्तु सुख भी भोगना और धर्म भी हो जाना ये दोनों बाते कैसे हो सक्ती हैं। धर्म्म २ कहना केवल जीभ हिलाना है और धर्म करना सांसारिक सुखों को जलाञ्जलि देना है। धर्म कोई पैतृक (पिता सम्बन्धी) व्यवसाय नहीं है यदि कोई अनभिज्ञ पुरुष शुद्ध महात्माओं के उपदेश को यह कह कर कि "यह उपदेश हमारे पितृ धर्म से विपरीत है" नहीं मानता है वह केवल अन्ध परम्परा का ही अनुयायी है *"तातस्य कूपोऽय मिति ब्रुवाणा: क्षार जल का पुरुषा: पिबन्ति'* यह कूआ हमारे पिता का है यह कहकर खारी होनेपर भी मूर्ख पुरुष ही उसका जल पीते हैं। शुद्ध साधुओं का उपदेश संसार से तारने का है धर्म के विषय में अपना पराया समझना एक वडी भूल है। यदि एक वडी नदी से पार होने के लिये किसी की टूटी हुई नाव काम नहीं देती तो किसी दूसरे के जहाजसे पार हो जाना क्या बुद्धिमानी का काम नहीं है। धर्म कोष के अध्यक्ष शुद्ध साधु ही हैं धर्म की प्राप्ति करने के लिये साधुओं की ही शरण लेना अत्यावश्यकीय है। किन्तु

साधुओं के समान वेष धारण करने से ही साधु नहीं होता अथच भगवान् की आज्ञानुसारही आचार विचार पालनेवाला साधु कहाजाता है। सिंह की चर्म पहिन कर गर्धव तभीतक सिंह माना जाता है जब तक कि वह अपने मधुर स्वर से गाना नहीं आरम्भ करता है। वेषधारी तभीतक साधु प्रतीत होता है जबतक कि उसकी पञ्च महाव्रत पालना में शिथिलता नहीं दीख पड़ती है।

जब कि आप एक छोटी सी भी नदी पार करने के लिये नाव को ठोक पीट कर उसकी दृढ़ता की परीक्षा करने के पश्चात् चढ़ने को उद्यत होते हैं तो क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि संसार जैसे महासागर के पार करने के लिये पोत (जहाज़) रूपी साधुओं की भले प्रकार परीक्षा कर लें। मान लिया कि साधु-साधुओं का वेष बनाये हुए है। और दूसरों के पराजय करने के लिये उसने कुयु-क्तियां भी बहुत सी पढ़ रक्खी हैं तथापि यदि भगवान की आज्ञा के विरुद्ध चलता है और "इस समय में पूरा साधुपना नहीं पल सक्ता" ऐसी शास्त्र विरुद्ध बातें कह २ कर लोगों को भ्रमाता रहता है तो वह केवल पत्थर की नाव के समान है न स्वयं तर सक्ता है न दूसरों को तार सक्ता है।

साधुओं का आचार विचार भगवान् की वाणी से विदित होता है। सूत्र ही भगवान् की वाणी हैं। सूत्रों का विषय गम्भीर होने से तथा गृहस्थ समाज का सूत्र पढ़ने का अनधिकार होने से सर्व साधारण को भगवान् की वाणी विदित हो जावे और संसार सागर से पार होनेके लिये साधु असाधु की परीक्षा हो जावे यह विचार कर ही जैन श्वेताम्बर तेरापन्थ नायक पूज्य श्री १००८ जयाचार्य महा-राज ने इस "भ्रम विध्वंसन" ग्रन्थ को बनाया है। इस ग्रन्थ में जो कुछ लिखा है वह सब सूत्रों का प्रमाण देकर ही लिखा गया है अतः यह ग्रन्थ कोई अन्य ग्रन्थ नहीं है किन्तु सर्व सूत्रों का ही सार है। भगवान् के वाक्यों के अर्थ का अनर्थ जहां कहीं जिस किसी स्वार्थ लोलुपी ने किया है उसके खंडन और सत्य अर्थ के मण्डन से जय महाराज ने जैसी कुशलता दिखलायी है वैसी सहस्र लेखनियों से भी वर्णन नहीं की जा सक्ती। यद्यपि आपके बनाये हुए अनेक ग्रन्थ हैं तथापि यह आपका ग्रन्थ मिथ्यात्व अन्धकार मिटाने के लिये साक्षात् सूर्यदेव के ही समान है। एकवार भी जो पुरुष इस ग्रन्थ का मनन कर लेगा उसको शीघ्र ही साधु असाधु की परीक्षा हो जावेगी और शुद्ध साधु की शरण में आकर इस असार संसार से अवश्य तर जायेगा।

यद्यपि यह ग्रन्थ पहिले भी किसी मुम्बई के प्राचीन ढङ्ग के यन्त्रालय में छप चुका है। तथापि वह किसी प्रयोजन का नहीं हुआ छपा न छपा एकसा ही रहा। एक तो टायप ऐसा कुरूप था, दीख पडता था कि मानों लिथो का हीं छपा हुआ है। दूसरे प्रूफ सशोधन तो नाममात्र भी नही हुआ समस्त शब्द विपरीत दशा में ही छपे हुए थे। कई २ स्थान पर पक्तिया ही छोड़ दी थीं दो एक स्थान पर एक दो पृष्ठ भी छूटा हुआ मिला है। साराश यह है कि एक पक्ति भी शुद्ध नही छापी गई। ऐसी दशा में जयाचार्य का सिद्धान्त इस पूर्व छपे हुए पुस्तक से जानना दुर्लभ ही हो गया था। ऐसी व्यवस्था इस अपूर्व ग्रन्थ की देख कर तेरा-पन्थ समाज को इसके पुनरुद्धार करने को पूर्ण ही चिन्ता थी। परन्तु होता क्या मूल पुस्तक जो कि जयाचार्य की हस्तलिखित है साधुओं के पास थी विना मूल पुस्तक से मिलाये सशोधन कैसे होता। शुद्ध साधुओं की यह रीति नहीं कि गृहस्थ समाज को अपनी पुस्तक छपाने को अथवा नकल करने को देवें। ऐसी अवस्था में इस ग्रन्थ का सशोधन असम्भव सा ही प्रतीत होने लगा था। समय बलवान् है पूज्य श्री १००८ कालू गणिराज का चतुर्मास स० १९७९ में बीकानेर हुआ। वहा पर साधुओं के समीप मूल पुस्तकमे से धार धार कर अपने स्थानमें आकर त्रुटिया शुद्ध की। ऐसे गमनाऽऽगमन मे सशोधन कार्य के लिये जितना परिश्रम और समय लगा उसको धारनेवाले का ही आत्मा वर्णन कर सका है। इसमे कुछ सशोधक की प्रशसा नही किन्तु यह प्रताप श्रीमान् कालू गणिराज का ही है जिन के कि शासन में ऐसे अनेक २ दुर्लभ कार्य सुलभता को पहुचे हैं। कई भाइयों की ऐसी इच्छा थी कि इस ग्रन्थ को खडी बोली में अनुवादित किया जावे परन्तु जैसा रस असल मे रहता है वह नकल में नही। इस ग्रन्थ की भाषा मारवाड़ी है थोडे पढे लिखे भी अच्छी तरह समझ सकते हैं। यद्यपि इस ग्रन्थ के प्रूफ सशोधन में अधिक से अधिक भी परिश्रम किया गया है तथापि सशोधक की अल्पज्ञता के कारण जहा कही कुछ भूलें रह गई हों तो विज्ञ जन सुधार कर पढ़े। भूल होना मनुष्यों का स्वभाव है। टायप भी कलकत्ते का है छापते समय भी मात्रायें टूट फूट जाती हैं कही २ अक्षर भी दवनेके कारण नही उघडते हैं अत. शुद्ध किया हुआ भी असशोधित सा ही दीखने लगता है इतना होनेपर भी पाठकों को पढ़ने में कोई अड़चन नहीं होगी। इस में सब से मोटे २ अक्षरों मे सूत्र पाठ दिया गया है और सबसे छोटे २ अक्षरों में टब्बा अर्थ है। मध्यस्थ अक्षरों में वार्त्तिक अर्थात् पाठ का न्याय

हैं। टब्बा अर्थ में पाठके शब्द के प्रथम ० ऐसा चिन्ह लगाया गया है जो कि समस्त शब्द का बोधक है। संस्कृत टीका इटालियन (टेढ़े) अक्षरों में छापी गई है। जैसा क्रम छापने का है उसीके अनुसार इस ग्रन्थ के छपाने में पूरा ध्यान दिया गया है। तथापि कोई महोदय यदि दोष देंगे तो पारितोषिक समझ कर सहर्ष स्वीकार किया जायगा। प्रथम वार इस ग्रन्थ की २००० प्रतियां छपाई गई हैं। लागत से भी मूल्य कम रक्खा गया है। इस ग्रन्थ के छपाने का केवल उद्देश्य भगवान् के सत्य सिद्धान्त का घर २ प्रचार होना है। समस्त जैन समाजों का कर्त्तव्य है कि पक्षपात रहित होकर इस ग्रन्थ का अवश्य मनन करें। यह ग्रन्थ जैसा निष्पक्ष और स्पष्ट वक्ता है दूसरा नहीं। तेरापन्थ समाज का तो ऐसा एक भी घर नहीं होना चाहिये जिसमें कि यह जयाचार्य का ग्रन्थ भ्रमविध्वंसन न विराजता हो। यह ग्रन्थ तेरापन्थ समाज का प्राण है विना इस ग्रन्थ के देखे कभी सूक्ष्म बातों का पता नहीं लग सक्ता। इस ग्रन्थ के संशोधन कार्य में जो आयुर्वेदाचार्य पं० रघुनन्दनजी ने सहायता दी है उसके लिये हम पूर्ण कृतज्ञ हैं। समस्त परिश्रम तभी सफल होगा जब कि आप ग्रन्थ के लेने में विलम्ब न लगायेंगे और अपने इष्ट मित्रों को लेने के लिये प्रेरित करेंगे। इसकी अनुक्रमणिका भी अधिकार बोल और पृष्ठ की संख्या देकर के भूमिका के ही आगे लगाई गई है जो कि पाठकों को पाठ खोजने में अतीव सहायिका होगी। प्रथम छपे हुए भ्रम विध्वंसन में सूत्रों की साख देने में अतीव भूलें हुई २ थी अबके बार में यथाशक्ति सूत्र की ठीक २ साख देने में ध्यान दिया गया है तथापि यदि किसी-२ पुस्तक में इस साख के अनुसार पाठ न मिले तो उसीके आसपास में पाठक खोज लेवें। क्योंकि कई पुस्तकों मे साखों मे तो भेद देखा ही जाता है। विशेष करके निशीथ के बोलों की संख्या मे तो अवश्य ही भेद पाया जावेगा क्योंकि इसकी संख्या हस्तलिखित प्रतियों मे तो कुछ और-और छपी हुई पुस्तकोंमे कुछ और ही मिली है। पहिले छपे हुए "भ्रम विध्वंसन" में और इस में कुछ भी परिवर्त्तन नहीं है किन्तु २-४ स्थलों में नोट देकर संशोधक की ओर से जो खडी.बोलीमें लिखा गया है वह पहले भ्रम विध्वंसन से अधिक है। आज का हम सौभाग्य दिवस समझते हैं जब कि इस अमूल्य ग्रन्थ की पूर्त्ति हमारे दृष्टि गोचर होती है। कई भ्रातृवर इस ग्रन्थकी. "चातक मेघ प्रतीक्षा वत्" प्रतीक्षा कर रहे थे अब उनके कर कमलों में इसग्रन्थ को समर्पित कर हम भी कृत कृत्य होंगे।

पाठकों को पहिले वतलाया जा चुका है कि इस ग्रन्थ के कर्त्ता जयाचार्य अर्थात् श्री जीतमलजी महाराज हैं। परन्तु केवल इतने ही विवरण से पाठकों की अभिलाषा पूर्ण नहीं होगी। अतः श्रीजयाचार्य महाराज जिस जैन श्वेताम्बर तेरा-पन्थ समाज के चतुर्थ पट्ट स्थित पूज्य रह चुके हैं उस समाज की उत्पत्ति और उस समाज के संस्थापक श्री "भिक्षु" गणिराज की सक्षेप जीवनी प्रकाशित की जाती है।

नित्य स्मरणीय पूज्य "भिक्षु" स्वामी की जन्म भूमि मरुधर (मारवाड) देश में "कण्टालिया" नामक ग्राम है। आपका अवतार पवित्र ओसवाल वंश की 'सुखलेचा" जाति में पिता साह "वलुजी" के घर माता "दीपादे" की कुक्षि में विक्रम सम्वत् १७८३ आषाढ शुक्ला सर्वसिद्धा तयोदशी के दिन हुआ। आपके कुलगुरु 'गच्छ वासी' नामक सम्प्रदाय के थे अतः उनके ही समीप आपने धर्म कथा श्रवणार्थ आना जाना प्रारम्भ किया। परन्तु वहा केवल वाह्याडम्वर ही देख कर आपने "पोतिया बन्ध" नामक किसी सम्प्रदाय का अनुसरण किया। वहा भी उसी प्रकार धर्म्म भावका अभाव और दम्भ का ही स्तम्भ खडा देख कर आपकी इष्ट सिद्धि नहींहुई। अथ इसी धर्म्म प्राप्तिकी गवेषणामें वाईस सम्प्रदायके किसी विभाग के पूज्य 'रघुनाथ" जी नामक साधु के समीप आपका गमनाऽऽगमन स्थिर हुआ। आप की धर्म्म विषय में प्रवल उत्कण्ठा होने लगी और इसी अन्तर में आपने कुशील को त्याग कर शील व्रत का भी अनुशीलन कर लिया। और "मैं अवश्यही सयम धारण करूंगा" ऐसे आपके भावी संस्कार जगमगाने लगे। यह ही नहीं किन्तु आपने सयमी होने का दृढ अभिग्रह ही धार लिया। भावी वलवती है-इसी अवसर में आपको प्रिय प्रिया का आपसे सदा के लिये ही वियोग हो गया। यद्यपि आपके सम्वन्धियों ने द्वितीय विवाह करने के लिये अति आग्रह किया तथापि भिक्षु के सदय हृदय ने अ-सार संसार त्यागने का और सयम ग्रहण करने का दृढ सकल्प ही करलिया। भिक्षु दीक्षा के लिये पूर्ण उद्यत हो गये परन्तु माताजी की अनुमति नहीं मिली। जव रघु-नाथजीने भिक्षु की माता से दीक्षा देने के विषय में परामर्स किया तो माताजीने रघुनाथजी से उस * सिंह स्वप्नका विवरण कह सुनाया जो कि भिक्षु की गर्भाव-स्थिति में देखा था। और कहा कि इस स्वप्न के अनुसार मेरा पुत्र किसी राज्य विशेष का अधिकारी होना चाहिए भिक्षार्थी वनने के लिये मैं कैसे आज्ञा दूं। रघुनाथजी

* सिंहका स्वप्न मण्डलीक राजा की माता अथवा भावितात्म अनगार की माता देखती है।

ने इस स्वप्न को सहर्ष स्वीकार किया और कहा कि यह स्वप्न चतुर्दश १४ स्वप्नों के अन्तर्गत है। अतः यह तुम्हारा पुत्र देश देशान्तरों में भ्रमण करता हुआ सिंह समान ही गर्जेगा इसकी दीक्षा होने में विलम्ब मत करो। माता जीका विचार पवित्र हुआ-और आत्मज (भिक्षु) के आत्मोद्धार के लिये आज्ञा दे दी।

उस समय भगवान् के निर्मल सिद्धान्तो को स्वार्थान्ध पुरुषों ने विगाड रक्खा था। भिक्षु किस के समीप दीक्षा लेने निर्ग्रन्थ गुरु होनेका कोई भी अधिकारी नहीं था। तथापि अप्राप्ति में रघुनाथ जी के ही समीप भिक्षु द्रव्य दीक्षा लेकर अपने भावि कार्य में प्रवृत्त हुए। यह द्रव्यदीक्षा द्रव्यगुरु रघुनाथ जी से भिक्षु स्वामी ने सम्वत् १८०८ में ग्रहण की। आपकी बुद्धि स्वाभाविक होनेके कारण स्वतः ही तीव्र थी अतः आपने अनायास ही समस्त सूत्र सिद्धान्तका अध्ययन कर लिया। केवल अध्ययन ही नहीं किया किन्तु सूत्रो के उन २ गम्भीर विषयों को खोज निकाला जिनको कि वेषधारी साधु स्वप्न में भी नहीं समझते थे। और विचारा कि ये सम्प्रदाय जिन में कि मैं भी सम्मिलित हूं पूर्णतया ही जिन आज्ञा पर ध्यान नहीं देते और केवल अपने उदर की ही पूर्त्ति करने के लिये नाम दीक्षा धारण किये हुए हैं। ये लोक न स्वयं तर सक्ते हैं न दूसरों को ही तार सक्ते हैं। बना बनाया घर छोड दिया है और अब स्थान २ पर स्थानक बनवाते फिरते हैं। भगवान् की मर्यादा के उपरान्त उपधि वस्त्र, पात्र, आदिक, अधिकतया रखते हैं। आधा कर्मी आहार भोगते और आज्ञा विना ही दीक्षा देते दीख पड़ते हैं। एव प्रकार के अनेक अनाचार देख करके भिक्षु का मन सम्प्रदाय से विचलित होने लगा। इसके अनन्तर-इसी अवसर मे मेवाड के "राजनगर" नामक नगर में पठित महाजनों ने सूत्र सिद्धान्त पर विचार किया और वर्त्तमान गुरुओंके आचार विचार सूत्र विरुद्ध समझ कर उनकी वन्दना करनी छोड़ दी। मारवाड में जब यह बात रघुनाथजी को विदित हुई तो सर्व साधुओंमें परम प्रवीण भिक्षु स्वामी को ही समझकर और उनके साथ टोकरजी, हरनाथजी, वीरभाणजी, और भारीमालजी, को करके भेजा। राजनगर में यह भिक्षु स्वामीका चौमासा सम्वत् १८१५ में हुआ। चर्चा हुई लोकों ने स्थानकवास कपाट जड़ना खोलना, आदिक अनेक अनाचारों पर आक्षेप किया और यही कारण वन्दना न करने का बतलाया। भिक्षु स्वामी ने अपने द्रव्य गुरु रघुनाथजी के पक्ष को रखने के लिये अपनी बुद्धि चातुर्यता से लोगों को समझाया और वन्दना कराई। किन्तु लोगों ने

यही कहा कि महाराज ! यद्यपि हमारी शङ्काओं का पूर्ण समाधान नहीं हुआ है तथापि हम केवल आपके विलक्षण पाण्डित्य पर ही विश्वास रख कर आपके अनुगामी बनते हैं। इसी अवसर में असाता वेदनीय कर्म के योग से भिक्षु स्वामी किसी ज्वर विशेष से पीड़ित हुए और ऐसी अस्वस्थ व्यवस्था मे आपके शुद्ध अध्यवसाय उत्पन्न होने लगे। भिक्षु स्वामी को महान् पश्चात्ताप हुआ और विचारा कि मैंने बहुत बुरा काम किया जो कि द्रव्यगुरु के रहने से श्रावकों के शुद्ध विचार को झूठा कर दिया। यदि मेरी मृत्यु हो जावे तो अन्तिम फल बहुत अनिष्ट होगा। द्रव्यगुरु परलोक में कदापि सहायक न होंगे। यदि मैं आरोग्य हो जाऊंगा तो अवश्य सत्य सिद्धान्त की स्थापना करूंगा। तब आरोग्य होनेपर अपने विचार को पवित्र करते हुए भिक्षु स्वामी ने श्रावकों से स्पष्ट कह दिया कि भ्रातृवरो ! आप लोगों का विचार ठीक है और हमारे द्रव्यगुरु केवल दुराग्रह करते हुए अनाचार सेवन करते हैं। ऐसा भिक्षु मुख से अमूल्य निर्णय सुन कर श्रावक लोक प्रसन्न हुए। और कहने लगे कि महाराज ! जैसी सत्य की आशा आप से थी वैसो ही हुई।

अथ चतुर्मास समाप्त होने पर राजनगर से विहार किया और मार्ग में छोटे २ ग्राम समझ कर दो साथ कर लिये और भिक्षु स्वामी ने वीरभाणजी से कहा कि यदि आप गुरु के समीप पहिले पहुचे तो कोई इस विषय की वात नही करना नही तो गुरु एक साथ भडक जावेंगे। मैं आकर विनय कला से समझाऊंगा और शुद्ध श्रद्धा धारण करानेका पूरा प्रयत्न करूंगा। वीरभाण जी ही आगे पहुचे और रघुनाथ जी ने राज नगर के श्रावकों की शङ्का दूर होने के वारे में प्रश्न किया। वीरभाणजी ने वह सब वृतान्त कह सुनाया और कहा कि जो हम आधाकर्मी आहार स्थानकवास आदि अनाचार का सेवन करते हैं वह अशुद्ध ही है और श्रावकों की शङ्काएं सत्य ही थीं। रघुनाथजी वोले कि वीरभाण ! ऐसी क्या विपरीत वातें कहते हो तब वीरभाणजी नेकहा कि महाराज ! यह तो केवल वानगी ही है पूरा वर्णन तो भिक्षु स्वामी के पास है। इसी अन्तर में भिक्षु स्वामी का आगमन हुआ और गुरु को वन्दना की। गुरु की दृष्टि से ही भिक्षु समझ गये कि वीरभाणजी ने आगे से ही वात कर दी है। गुरु का पहिला सा भाव न देखकर भिक्षु ने गुरु से कहा, गुरुजी ! क्या वात है आपकी पहले सी कृपा दृष्टि नही विदित होती है।

रघुनाथजी बोले कि भाई ' तुम्हारी बातें सुन कर हमारा मन फट गया है और अब हम तुम्हारे आहार पानीको सम्मिलित नहीं रखना चाहते । यह सुन कर भिक्षु ने मन में विचारा कि वास्तव में तो इनमें साधुपने का कोई आचार विचार नहीं है तथापि इस समय खैंचातान करनी ठीक नहीं है पुन इनको समझा लूंगा। यह विचार कर गुरु से कहा कि गुरूजी ! यदि आप को कोई सन्देह हो तो प्राय-श्चित्त दे दीजिये । इस युक्ति से आहार पानी सम्मिलित कर लिया । समय पाकर रघुनाथजी को बहुत समझाया और शुद्ध श्रद्धा धराने का पूरा प्रयत्न किया और यह भी कहा कि अब का चतुर्मास साथ २ ही होना चाहिये जिससे चर्चा की जावे और सत्य श्रद्धा की धारणा हो । क्योंकि हमने घर केवल आत्मोद्धार के लिये ही छोडा है । रघुनाथजीने यह कहकर कि "तू और साधुओं को भी फटालेगा 'चौमासा साथ २ नहीं किया । एवं पुन द्वितीयबार भिक्षु स्वामी रघुनाथजी से बगड़ी नामक नगर में मिले और आचार विचार शुद्ध करने के बारे में बहुत समझाया । परन्तु द्रव्य गुरु ने एक बात भी नहीं मानी तब भिक्षु स्वामीने यह विचार कर कि अब ये बिल्कुल नहीं समझते हैं और केवल दम्भजाल में ही फसे रहेंगे अपना आहार पृथक् कर लिया । और प्रातःकाल के समय स्थानक से बाहर निकल पडे । रघुनाथ जी ने यह समझ कर के कि "जब भिक्षु को नगर में स्थान ही नहीं मिलेगा तो विवश हो कर स्थानक में ही आजावेगा" सेवक द्वारा नगरवासियों को सङ्घ की• शपथ देकर सूचना दे दी कि कोई भी भिक्षु के ठहरने के लिये स्थान नहीं देना । । भिक्षु ने जब यह सब प्रपञ्च सुना तो मन में विचारा कि नगर में स्थान न मिलने पर यदि मैं पुन. स्थानक ही में गया तो फिर फन्दे में ही पड जाऊगा । एवं अपने मन में निर्णय कर विहार किया और बगड़ी नगर के बाहर जैतसिहजी की छत्रियों में स्थित हो गये । जब यह बात नगर में फैली और रघुनाथजी ने भी सुना कि भिक्षु स्वामी छत्रियों में ठहरे हुए हैं तो बहुत से मनुष्यों को साथ लेकर छत्रियों में गये. और भिक्षु स्वामी को टोला से बाहर न निकलने के लिये बहुत समझाया । परन्तु भिक्षु स्वामी ने एक भी नहीं सुनी और कहा कि मैं आपकी सूत्र विरुद्ध बातों को कैसे मान सक्ता हूं । मैं तो भगवान् की आज्ञानुसार शुद्ध सयम का ही पालन करूंगा । ऐसी भिक्षु की बातें सुन कर रघुनाथजी की आशा टूट गई और मोहके वश होकर अश्रुधारा भी बहाने लगे । उदयभाणजी नामक साधु ने कहा कि आप टोला के धनी होकर के भी मोह मे अवलिप्त हुए अश्रु बहाते हैं । तब रघुनाथजी

बोले कि भाई ! किसी का एक मनुष्य भी जावे तो भी वह अत्यन्त विलाप करता है मेरे तो पांच एक साथ जाते हैं और टोला म खलवली मचती है मैं कैसे न विलाप करूं । ऐसा द्रव्यगुरु का मोह देखकर भिक्षु स्वामी का मन किञ्चिदपि विचलित नही हुआ और विचारा कि इसी तरह जब मैं घर से निकला था तब मेरी माता भी रोई थी । इन वेषधारियों में रहने से तो पर भव में अतीव दुःख उठाना पड़ेगा। अन्त्य में रघुनाथजी ने भिक्षु स्वामी से कहा कि तू जावेगा कहाँतक तेरे पीछे-२ मनुष्य लगा दूंगा । और मैं भी पीछे २ ही विहार करूंगा । इत्यादिक भयावह वार्तोंपर कुछ भी ध्यान नहीं दिया और भिक्षु ने वगड़ी से विहार किया । द्रव्यगुरु को अपने पीछे २ ही आता देखकर के "वरलू" नामक ग्राम में चर्चा की। आदि में रघुनाथजी ने कहा कि भिक्षो ! आजकल पूरा साधुपना नही पल सक्ता है। यह सुनकर भिक्षुने कहा कि-आचाराग सूत्र में कहा है कि "आजकल साधुपना नहीं पल सक्ता" ऐसी प्ररूपणा भागल साधु करेंगे इत्यादिक वातें भगवान् ने कई स्थलोंपर पहिले से ही कह दी हैं। ऐसा उत्तर सुनकर द्रव्यगुरु को उस समय अत्यन्त कष्ट हुआ और बोले कि यदि कोई दो घड़ी भी शुभ ध्यान धर कर शुद्ध आचार पाल लेगा वह केवल ज्ञान को प्राप्त कर सक्ता है। यह सुनकर भिक्षु ने कहा कि यदि दो घड़ी में ही केवलज्ञान मिले तो मैं श्वास रोक कर के भी दो घड़ी ध्यान धर सक्ता हूं। परन्तु ये वात नहीं यदि दो घड़ी में ही केवलज्ञान मिल सक्ता तो क्या प्रभव आदिक ने दो घड़ी भी शुद्ध चारित्र नही पाला था किन्तु उनको तो केवलज्ञान् नहीं हुआ। वीर भगवान्के १४ सहस्र शिष्यों में से केवलज्ञानो तो केवल ७ सौ ही हुए क्याशेष १३ सहस्र ३ सौ ने २घड़ी भी शुद्ध सयम नहीं पाला जो कि छद्मस्थ ही रहे आये। और १२ वर्ष १३ पक्ष तक वीर भगवान् छद्मस्थ अवस्था में रहे तो क्या उस अवसर में वीर ने दो घड़ी भी शुद्ध संयम की पालना नही की। इत्यादिक अनेक सत्य प्रमाणों से भिक्षु ने रघुनाथजी को निरुत्तर करते हुए वहुत समय पर्य्यन्त चर्चा की। तथापि दुराग्रह के कारण रघुनाथजी ने शुद्ध पथ का अवलम्बन नहीं किया। इसके अनन्तर किसी वाईस टोला के विभाग के पूज्य जयमलजी नामक साधु भिक्षु स्वामी से मिले। भिक्षु ने प्रमाणित युक्तियों से जयमलजी के हृदय में शुद्ध श्रद्धा वैठाल दी और जयमलजी भिक्षु के साथ जाने को तयार भी हो गये। जव यह वात रघुनाथजी ने सुनी कि जयमलजी भिक्षु के अनुयायी होना चाहते हैं तव जयमलजी से कहा कि जयमलजी ! आप एक टोला के धनी होकर यह क्या

काम करते हैं। आप यदि भिक्षु के साथ हो जावेंगे तो इसमें आपका कुछ भी नाम नहीं होवेगा केवल भिक्षु का ही सम्प्रदाय कहा जावेगा। इत्यादिक अनेक कुयुक्तियों से रघुनाथजी ने जयमलजी का परिणाम ढीला कर दिया। अथ जयमलजी ने भिक्षु से कह भी दिया कि भिक्षु स्वामिन्! आप शुद्ध संयम पालिए हम तो गले तक दबे हुए हैं हमारा तो उद्धार होना असम्भवसा ही है।

इस अवसर के पश्चात् भिक्षु ने भारीमालजी से कहा कि भारीमाल! तेरा पिता कृष्णजी तो शुद्ध संयम पालने में असमर्थ सा प्रतीत होता है अत. उसका निर्वाह हमारे साथ नहीं हो सक्ता। तू हमारे साथ रहेगा अथवा अपने पिता का सहगामी बनेगा। ऐसा सुनकर विनीत भाव से भारीमालजी ने उत्तर दिया कि महाराज! मैं तो आपके चरण कमलों में निवास करता हुआ शुद्ध चारित्र्य पालूंगा मुझ को अपने पिता से क्या काम है। ऐसा सुन्दर उत्तर सुनकर भिक्षु प्रसन्न हुए पश्चात् भिक्षु ने कृष्णजीसे कहा कि आपका हमारे सम्प्रदाय में कुछ भी काम नहीं है। यह सुनकर कृष्णजी भिक्षु से बोले कि यदि आप मुझ को नहीं रक्खेंगें तो मैं अपने पुत्र भारीमालको आपके पास नहीं छोडूगा अत. आप भारीमाल को मुझे सोंप दीजिए। यह सुनकर भिक्षु स्वामी ने कृष्णजी से कहा कि यदि तुम्हारे साथ भारीमाल जावे तो लेजावो मैं कब रोकता हूं। कृष्णजी ने एकान्तमें लेजा कर अपने साथ चलने के लिये भारीमालजी को बहुत समझाया साथ जाना तो दूर रहा किन्तु अपने पिता के हाथ का यावज्जीव पर्य्यन्त भारीमालजीने आहार करनेका त्याग और कर दिया। तत्पश्चात् विवश होकर कृष्णजी ने भिक्षु से कहा कि महाराज! अपने शिष्य को लीजिए यह तो मेरे साथ चलने को तयार नहीं है कृपया मेरा भी कहीं ठिकाना लगा दीजिए। अथ भिक्षु ने कृष्णजी को जयमलजी के टोले में पहुचा कर तीन स्थानों पर हर्ष कर दिया। जयमलजी तो प्रसन्न हुए कि हमको चेला मिला कृष्णजी समझे कि हम को ठिकाना मिला भिक्षु समझे कि हमारा उपद्रव गया। इसके पश्चात् भिक्षु ने भारीमालजी आदि साधुओं को साथ ले कर विहार किया और जोधपुर नगर में आ विराजमान हुए। जब दीवान फतहचन्दजी सिंघीने बाज़ार में श्रावकों को पोषा करते देखा तब प्रश्न किया कि आज स्थानक में पोषा क्यों नहीं करते हो। तब श्रावकों ने वह सब कथा कह सुनायी जिस कारण से कि भिक्षु स्वामी रघुनाथजी के टोले से पृथक् हुए और स्थानक वास आदिक विविध अनाचारों को छोड कर शुद्ध श्रद्धा धारण की। सिंघीजी बहुत प्रसन्न हुए और भिक्षुके सदाचारकी बहुत प्रशंसा

की। उस समय १३ ही श्रावक पोषा कर रहे थे और १३ ही साधु थे अतः भिक्षु के सम्प्रदाय का "तेरापन्थ" नाम पड गया। अथवा भिक्षु ने भगवान् से यह प्रार्थना की कि प्रभो! यह तेरा ही पन्थ है अत. 'तेरापन्थ" नाम पड़ा। वास्तव में तो १३ वोल अर्थात् ५ सुमति ३ गुप्ति ५ महाव्रत पालने से ही "तेरापन्थ" नाम पड़ा। इसके अनन्तर भिक्षु ने मेवाड देशस्थ "केलवा" नगर में संम्वत् १८१७ में आषाढ शुक्ला १५ के दिन भगवान् अरिहन्त का स्मरण कर भावदीक्षा ग्रहण की। और अन्य साधुओंको भी दीक्षा देकर शुद्ध पथ में प्रवर्त्ताया। वेषधारियों की अधिकता होने से उस समय में भिक्षु को सत्य धर्मके प्रचार में यद्यपि अधिक परिश्रम सहना पडा तथापि निर्भीक सिंह के समान गर्जते हुए भिक्षु ने मिथ्यात्वका विनाश करके शुद्ध श्रद्धा की स्थापना की। एवं श्रीभिक्षु शुद्ध जिन धर्मका प्रचार करते हुए विक्रम सम्वत् १८६० भाद्र शुक्ला १३ के दिन सप्त प्रहर का सन्थारा करके स्वर्ग पन्था के पथिक वने।

यह "भिक्षु जीवनी" ग्रन्थ वढ जाने के भयसे संक्षिप्त शब्दों से ही लिखी गई है पूर्ण विस्तार श्री जयाचार्य कृत भिक्षुजसरसायन में ही मिलेगा। कई धूर्त्त पुरुषों ने ईर्षा के कारण जो "भिक्षु जीवनी" मन मानी लिख मारी है वह सर्वथा विरुद्ध समझनी चाहिये।

अथ श्री भिक्षुके अनन्तर द्वितीय पट्ट पर पूज्य श्री भारीमालजी विराजमान हुए आप साक्षात् शान्ति के ही मूर्ति थे। आपका अवतार मेवाड़ देशके "मुंहों" नामक ग्राम में सम्वत् १८०३ में हुआ था। आपके पिताका नाम "कृष्ण" जी और माता का नाम "धारणी" जी था। आप ओश वंशस्थ "लोढा" जातीय थे। आपका स्वर्ग वास सम्वत् १८७८ माघ कृष्ण ८ को हुआ।

पूज्य श्रीभारीमालजी के अनन्तर तृतीय पट्टपर श्री ऋषिरायजी महाराज (रायचन्द्रजी) विराजमान हुए। आपका शुभ जन्म सम्वत् १८४७ में मेवाड़ देशके "वड़ी रावलयां" नामक ग्राम में हुआ था। आपकी ओशवंशस्थ "वंव" नामक जाति थी आपके पिता का नाम चतुरजी और माता का नाम कुसालांजी था आप सम्प्रदाय के कार्य की वृद्धि करते हुए सम्वत् १९०८ माघ कृष्ण १४ के दिन स्वर्ग स्थलको पधारे।

श्रीऋषिरायजी महाराज के अनन्तर चतुर्थ पट्ट पर इस ग्रन्थ के रचयिता श्रीजयाचार्यजी (जीतमलजी) महाराज विराज मान हुए। आपको कविता करने का

अद्वितीय अभ्यास था। आपने अपने नवीन रचित ग्रन्थों से जैसी जिन धर्म की महिमा वढ़ाई है उसका वर्णन नहीं हो सका। आपका शुभ जन्म मारवाड़ में "रोयट" नामक ग्राम में ओशवंशस्थ गोलछा जाति में सम्वत् १८६० आश्विन शुक्ला २ के दिन हुआ था। आपके पिता का नाम आईदानजी और माता का नाम कलुजी था। आपने कल्प कल्पान्तरों के लिये "श्रीभगवती की जोड़" आदि अनेक रचना द्वारा भूमिपर अपना यश छोड़ कर सम्वत् १९३८ भाद्रपद कृष्ण १२ के दिन स्वर्ग के लिये प्रस्थान किया।

पूज्य श्रीजयाचार्य के अनन्तर पञ्चम पट्ट पर श्री मघवा गणी (मघराजजी) सुशोभित हुए। आपकी शान्ति मूर्त्ति और ब्रह्मचर्यका तेज देख कर कवियों ने आपको मघवा (इन्द्र) की ही उपमा दी है। आप व्याकरण काव्य कोषादि शास्त्रों में प्रखर विद्वान् थे। आपका शुभ जन्म बीकानेर राज्यान्तर्गत बीदासर नामक नगर में ओशवंशस्थ वेगवानी नामक जाति में संम्वत् १८९७ चैत्र शुक्ला ११ के दिन हुआ। आपके पिताका नाम पूरणमलजी और माता का नाम वन्नाजी था। आप आनन्द पूर्वक जिन मार्गकी उन्नति करते हुए सम्वत् १९४९ चैत्र कृष्ण ५ के दिन स्वर्ग के लिए प्रस्थित हुए।

पूज्य श्रीमघवा गणी के अनन्तर छठे पट्ट पर श्रीमाणिकचन्द्रजी महाराज विराजमान हुए। आपका शुभ जन्म जयपुर नामक प्रसिद्ध नगर में संवत् १९१२ भाद्र कृष्ण ४ के दिन ओशवंशस्थ खारड़ श्रीमाल नामक जाति में हुआ। आपके पिता का नाम हुकुमचन्द्रजी और माता का नाम छोटाजी था। आप थोड़े ही समय में समाजको अपने दिव्य गुणों से विकाशित करते हुए संवत् १९५४ कार्त्तिक कृष्ण ३ के दिन स्वर्ग वासी हुए।

पूज्य श्रीमाणिक गणी के अनन्तर सप्तम पट्टपर श्री डालगणी महाराज विराजमान हुए आपका शुभ जन्म मालवा देशस्थ उज्जयिनी नगर में ओशवंशस्थ पीपाड़ा नामक जाति में सवत् १९०९ आषाढ़ शुक्ला ४ के दिन हुआ। आपके पिता का नाम कनीरामजी और माता का नाम जड़ावांजी था जिनलोगोंने आपका दर्शन किया है वे समझते ही हैं कि आपका मुख मण्डल ब्रह्मचर्यके तेज के कारण मृगराज मुख सम जगमगाता था। आप जिनमार्ग की पूर्ण उन्नति करते हुए सवत् १९६६ भाद्र पद शुक्ला १२ के दिन स्वर्ग को पधार गये।

पूज्य श्रीडालगणीके अनन्तर अष्टम पट्ट पर वर्त्तमान समय में श्रीकालूगणी महाराज विराजते हैं। जिन मनुष्यों ने आपका दर्शन किया होगा वे अवश्य ही निष्पक्ष रूप से कहेंगे कि आपके समान बालब्रह्मचारी तेजस्वी और शान्ति मूर्त्ति इस समय में और दूसरा कोई नहीं है। आपकी मूर्त्ति मङ्गल मयी है अतः आपने जिस समय से शासन का भार उठाया है तभी से इस समाजकी दिन प्रति दिन उन्नति ही हो रही है। आपके अपूर्व पुण्य पुञ्ज को देख कर अनेक नर नारी "महाराज तारो-महाराज तारो" इत्यादि असङ्ख्य कारुण्य शब्दों से दीक्षा ग्रहण करने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं तथापि आप उनकी विनय, क्षमा, पूर्ण वैराग्य कुलीनता, आदि गुणों की जब तक भले प्रकार परीक्षा नहीं कर लेते हैं दीक्षा नहीं देते। आपकी सेवा में सर्वदा ही नाना देशों से आये हुए अनेक उच्च कोटि के मनुष्य उपस्थित रहते हैं। और आपके व्याख्यानामृत का पान करके कृत कृत्य हो जाते हैं। आपने समस्त जिनागम का भले प्रकार अध्ययन किया है यह कहना अत्युक्ति नहीं होगा कि यदि ऐसा गुण वाला साधु चौथे आरे में होता तो अवश्य ही केवलज्ञान उत्पन्न हो जाता। आप संस्कृत व्याकरण काव्य कोष आदिक विविध विषयों में पूर्ण विद्वान् हैं। और व्याकरण में तो विशेष करके आपका ऐसा पूर्ण अनुभव हो गया है कि जैन व्याकरण और पाणिनि आदि व्याकरणों की समय २ पर आप विशेष समालोचना किया करते हैं। कई संस्कृत के कवीश्वर और पूर्ण विद्वान् आपकी बुद्धि विलक्षणता को देखकर आपकी कीर्ति ध्वजा को फहराते हैं। और दर्शन करके अतिशः कृतार्थ होते हैं। यह ही नहीं आपने वैष्णव धर्मावलम्बी गीता आदि ग्रन्थों का भी अवलोकन किया हुआ है। और अन्य सम्प्रदायकी भी भली बातों को आप सहर्ष स्वीकार करते हैं। आप अपने शिष्य साधुओंको संस्कृत भी भले प्रकार पढाते हैं। आपके कई साधु विद्वान् और संस्कृत के कवि हो गये हैं। आपके शासन मे विद्या की अतीव उन्नति हुई है। आपका ऐसा क्षण मात्र भी समय नहीं जाता जिसमें कि विद्या संबन्धी कोई विषय न चलता हो।

आपकी पञ्च महाव्रत दृढता की प्रशंसा सुनकर जैन शास्त्रोंका धुरन्धर विज्ञाता जर्मन देश निवासी डाक्टर हर्मन जैकोबी आपके दर्शनार्थ लाड़णूं नामक नगर में आया और आपसे संस्कृत भाषा में वार्त्तालाप किया आपके मुखारविन्द से जिनोक्त सूत्रों के उन गम्भीर विषयों को सुनकर जिनमें कि उसको भ्रम था अति प्रसन्न हुआ! और कहने लगा कि महाराज! मैंने आचाराङ्ग के अंग्रेजी

अनुवाद में किसी यति निर्मित संस्कृत टीका की छाया ले कर जो मास विधान लिख दिया है उसका खण्डन कर दूंगा। आपके सत्य अर्थ को सुनकर डाक्टर हर्मन का आत्मा प्रसन्न हो गया। और वह कई दिन तक आपकी सेवाकर अपने.यथा स्थान को चला गया।

लेजिस्लेटिव कोंनसिल के सभासद् और मुजफ्फर नगर के रईस लाला सुखवीरसिंहजी भी आपके दर्शन दो वार कर चुके हैं और आपकी प्रशंसा मे आपने कई लेख भी लिखे हैं। जो कोई भी योग्य विद्वान् और कुलीन पुरुष आपके दर्शन करते हैं समझ जाते हैं कि आपके समान सच्चा त्याग मूर्त्ति आजकल और कोई भी शुद्ध साधु नहीं है। आपकी जन्म भूमि वीकानेर राज्यान्तर्गत छापर नामक नगर है। आपका पवित्र जन्म ओशवंश के चौपडा कोठारी नामक जाति में श्रीमूलचन्दजी के गृह में सं० १६३३ फाल्गुण शुक्ला २ के दिन श्री श्री श्री १०८ महासती छोगांजी की पवित्र कुक्षि में हुआ था। आपकी माताजीने भी आपके साथ ही दीक्षा ली थी। उक्त आपकी माताजी अभी वीदासर नगर में विद्यमान हैं जोकि अति वृद्ध हो जाने के कारण विहार करने में असमर्थ हैं।

"नहि कस्तूरिका गन्ध. शपथेनाऽनुभाव्यते" कस्तूरीके सुगन्धित्व सिद्ध करनेमें शपथ खानेकी कोई आवश्यकता नहीं है। उसका गन्ध ही उसकी सिद्धि का पर्य्याप्त प्रमाण है। यद्यपि श्री भिक्षुगणी से लेके श्रीकालू गणी तक का समय और उसका जाज्वल्यमान तेज स्वत. ही तेरापन्थ समाजके धर्म्माचार्यों को क्रमानुक्रम भगवान् का पट्टाधिकारी होना सिद्ध कर रहा है। तथापि उसकी सिद्धि की पुष्टि में शास्त्रोंका भी प्रमाण दिया जाता है। पाठक गण पक्षपात रहित हृदयसे इसका विचार करें।

भगवान् श्रीमहावीरजी स्वामीके मुक्ति पधारनेके पश्चात् १००० वर्ष पर्यन्त पूर्वका ज्ञान रहा। ऐसा "भगवती श० २० उ० ८" में कहा है।

तत्पश्चात् २००० वर्ष के भस्मग्रह उतरनेके उपरान्त श्रमण निर्ग्रन्थ की उदय २ पूजा होगी। ऐसा "कल्प सूत्र" में कहा है।

सारांश यह है कि—भगवान् के पश्चात् २११ वर्ष पर्य्यन्त शुद्ध प्ररूपणा रही। और पश्चात् १६६६ वर्ष पर्य्यन्त अशुद्ध वाहुल्य प्ररूपणा रही। अर्थात् दोनोंको मिलाने से १६१० वर्ष हुआ। उस समय धूमकेतु ग्रह ३३३ वर्षके लिये लगा। विक्रम सम्वत् १५३१ में "लूंका" मुंहता प्रकट हुआ। २००० वर्ष पूर्ण हो जानेसे

भस्म ग्रह उतर गया। इसका मिलान इस प्रकार कीजिये कि ४७० वर्ष पर्य्यन्त नन्दी वर्द्धनका शाका और १५३० वर्ष पर्य्यन्त विक्रम सम्वत् एवं दोनोंको मिलानेसे २००० वर्ष हो गए। उस समय भस्म ग्रह उतर जानेसे और धूम केतुके वाल्या-वस्थाके कारण वल प्रकट न होनेसे ही "लूंका" मुंहता प्रकट हो गया और शुद्ध प्ररूपणा होने लगी। तत्पश्चात् क्रमानुक्रम धूम केतुके वलकी वृद्धि होनेसे शुद्ध प्ररू-पणा शिथिल हो गई। जब धूमकेतुका वल क्षीण होने पर आया तब सम्वत् १८१७ में श्री भिक्षुगणीका अवतार हुआ और शुद्ध प्ररूपणाका पुनः श्रीगणेश हुआ। परन्तु धूमकेतुके विलकुल न उतरनेसे जिन मार्ग की विशेष वृद्धि नहीं हुई। पश्चात् सम्वत् १८५३ में धूमकेतु ग्रहके उतर जानेके कारण श्रीस्वामी हेमराजजी की दीक्षा होने के अनन्तर क्रमानुक्रम जिन मार्गकी वृद्धि होने लगी।

अस्तु आज कल जैसे कि साधुओं का सङ्गठन और एक ही गुरु की आज्ञा में सञ्चलन आदिक तेरापन्थ समाज में है स्पष्ट वक्ता अवश्य कह देंगे कि वैसा अन्यत्र नहीं। आज कल पूज्य कालू गणी की छत्रछाया में रहते हुए लगभग १०४ साधु और २४३ साध्वीया शुद्ध चारित्र्य पाल रहे हैं। इस समाज का उद्देश्य वेष वढ़ाना नहीं किन्तु निष्कलङ्क साधुता का ही वढ़ाना है। यदि साधु समाज के समस्त आचार विचार वर्णन किये जावें तो एक इतनी ही वड़ी पुस्तक और वन जावेगी। हम पहिले भी लिख आये हैं कि इस ग्रन्थ के सशोधन कार्य्य में आयु-र्वेदाचार्य पं० रघुनन्दनजी ने विशेष सहायता की है अतः उनकी कृतज्ञता के रूप में हम इस पुस्तक के छपाने में निजी व्यय करते हुए भी पुस्तकों की समस्त रक्खे हुए मूल्य की आय को उनके लिये समर्पण करते हैं। यद्यपि "भिक्षु जीवनी" लिखी जा चुकी है तथापि वही विद्वज्जनों के अनुमोदनार्थ संस्कृत कविता में परिणत की जाती है। परन्तु समस्त कथा का क्रम ग्रन्थ की वृद्धि के भय से नहीं लिया जाता है। किन्तु संक्षेपातिसंक्षेप भाव का ही आश्रय लेकर साहित्य का अनुशीलन किया गया है। प्रेमिजन अवगुणों को छोड़कर गुणों पर ध्यान दें।

नाना काव्य रसाधारां भारतीन्ता मुपास्महे
द्विपदोऽपि कविर्यस्याः पादाब्जे षट्पदायते ॥१॥

कूप मेकायितः क्काह क भिक्षुणा यशोनिधिः
तथापि मम मात्सर्य्ये विदुरे र्न विलोम्यताम् ॥२॥

अभक्तो भक्तता याति यस्य भक्ति मुपाश्रयन्
अकविर्न कवि किम्या तत्कीर्त्ति कथयन्नहम् ॥३॥

नाम्ना "कण्टालिया" ग्राम· कश्चिदस्ति मरुस्थले
भिक्षु भानूदयाद्देतो यां वाच्य उदयाचल ॥४॥

"वल्लुजी" त्यभिधस्तत्र साहोपाधि विभूषित·
"सुस्वलेचा" विशेपायाम् श्रोश जाता वुपाजनि ॥५॥

"दीपाँदे" नामिका तेन पर्य्यणायि प्रिया प्रिया
यत्कुक्षि कुहर स्थायी मृगेन्द्रो गर्जनागत: ॥६॥

अन्ध ध्वान्त विनाशाय विकाशाय जिनोदिते·
धर्म्म सस्थापनार्थाय प्रेरित· पूर्व कर्मणा ॥७॥

तस्या सत्व गुणो जीव· कोऽपि गर्भ मिप वहन्
भावि सस्कार सयोगा द्दिवि देव इवाऽविशत् ॥८॥

एकदाऽथ शयाना सा सिंह स्वप्न मवेक्षत
पुण्योपम फलस्यादौ शोभन शास्त्र सम्मतम् ॥९॥

एतमालोकते माता मण्डलीकस्य भूपते·
अनागारस्य वा माता भावितात्मस्य पश्यति ॥१०॥

लयष्टसप्तैवर्पस्थे आपाढस्य सिते दले
ततः सर्वत्र ससिद्धा सर्व सिद्धा त्रयोदशीम् ॥११॥

लक्षीकृत्य लपत्कुक्षि र्भविधर्मोपदेशकम्
तेजः पुञ्जमिव प्राची बाल रत्न मजीजनत्. ॥१२॥

वशाऽऽकाशे चकाशेऽथ वर्द्धमानः शनैः शनैः
शुक्ल पक्ष द्वितीयास्थः शशीव शरदः शिशुः ॥१३॥

गद्गदै र्वचनै रेष चकर्ष पथिकानपि
लालितो ललनाकेषु वालको ललितालकः ॥१४॥

असारेऽपि च ससारे भिक्षु नाम्नाऽवनामित
सार धर्म्म मवैहिष्ट क्षार सिन्धा विवामृतम् ॥१५॥

गृहस्थ रीत्याऽथ विवाहितोऽपि ससार चक्रे न चकार बुद्धिम्
नाशीविषाणा विषयेऽपि जातो न लिप्यते स्वच्छ मणि र्विषेण ॥१६॥

अभावेन सुसाधूना केवल वेषधारिषु
धर्म्म मन्वेषयामास पल्वलेष्विव हीरकम् ॥१७॥

अनाथ जिन सिद्धान्ते सनाथ वेष धारणे
टोलाऽऽह्व जनता नाथ रघुनाथ मथो ययौ ॥१८॥

वन्द्योऽपि निर्गुणःक्वापि वहिराडम्बरायित
निर्विषोऽपि फणी मान्यः फणाऽऽटोपैर्हि केवलैः ॥१९॥

एतस्मिन्नन्तरे भिक्षो दीक्षा भिक्षार्थिन स्तत.
भावि सयोगतो लेभे वियोग सहयोगिनी ॥२०॥

रघुनाथ समीपेऽय दीक्षितो द्रव्य दीक्षाया
क्वचिद्भृङ्गै र्मरन्दार्थे रोहीतोऽपि निषेव्यते ॥२१॥

अधीत्य सूत्रान् सु विचिन्त्य भावान् विलोक्य दोषांश्च बहून् समाजे
कुशाग्रबुद्धे र्विचचाल चित्त "न किंशुकेषु भ्रमरा रमन्ते" ॥२२॥

श्रावका "राजनगरे" तस्मिन्नवसरे तत·
सूत्र सिद्धान्तमालोक्य नावन्दन्त गुरू निमान् ॥२३॥

तच्छ्रावकाणा मुपदेशनाय सुधीरभाणादि जनेन साकम्
दक्ष गुरु प्रेषयतिस्म भिक्षु विचार्य हंसेष्विव राजहंसम् ॥२४॥

ततो जनै स्तैः सह युक्तिवाद विधाय भिक्षु र्गुरुपक्षपाती
सन्देह सत्तामपि तान्दधानान् चकार सर्वान् निज पाद नम्रान् ॥२५॥

अथोऽवदन्मुनिर्जन नहि भ्रमोज्झित मनः
तथापि ते विचित्रता. प्रकुर्वते पवित्रता ॥२६॥

तदैव भिक्षवे ज्वर चुकोप कोऽपि गह्वर.
तदर्त्ति पीडिते सति स्थिता शुभा मुने र्मति· ॥२७॥

मनस्य चिन्तयत्स्वय मृषाऽवदाम हा वयम्
इमे जनाःसदाशया विरोधिता वृथा मया ॥२८॥

स्फुट त्वदः क्षणा दुरो विलोकयन् छल गुरोः
अरोगता मह यदा भजे. ब्रुवे स्फुट तदा ॥२९॥

गुरु विरुद्ध गायकः परत्र नो सहायकः
इति स्फुट विचारयन् जगाद न्द्त्न् निशामयन् ॥३०॥

अहो जना भवन्मतं जिनोक्त शास्त्र सम्मतम्
असत्य माश्रिता वय विदन्तु सत्य निर्णयम् ॥३१॥

मुने रिमा परा गिर निशम्य ते जना श्चिरम्
निपत्य पादयो स्तदा बभाषिरे प्रियम्वदाः ॥३२॥

अहो मुनीश ! तावक विलोक्य शुद्ध भावकम्
वय प्रसन्नता गताः त्वयैव कुप्रथा हता ॥३३॥

ततः समागत्य तदीय वृत्त गुरु बभाषे सकल सशान्तिः
परन्तु स स्वार्थ विलिप्त चेता गुरु विरुद्ध कथयाम्बभूव ॥३४॥

न पाल्यते सम्प्रति शुद्ध भाव केनापि कुत्रापि मुनीश्वरेण
भिक्षो ! रतस्त्व किल काल मेत अवेक्ष्य तूष्णीं भव दूषणेषु ॥३५॥

य॰ पालये त्कोऽपि घटी द्वयेऽपि शुद्ध चरित्त यदि साधु वर्य्यः
स केवलज्ञान मुपैतु तर्हि त्व तेन तूष्णीं भव दूषणेषु ॥३६॥

आकर्ण्य सूत्रै विपरीत मेतत् भिक्षु र्गुरुन्त विशद जगाद
अहो गुरो नेति कुहापि दृष्ट शास्त्रान्तरे पन्नवताऽभ्यवादि ३७

एत त्तु सूत्रेषु मयाव्यलोकि एव वचो वक्ष्यति वेषधारी
"न पाल्यते सम्प्रति शुद्ध भावः केनापि कुत्रापि मुनीश्वरेण" ३८

स्यात् केवलत्व-घटिका द्वयेन यदा तदाह श्वसन निरुद्ध्य
अपि क्षमः पालयितु चरित्र "परन्तु सूत्रे विहित नहीद ३९

वीरस्य पार्श्वेपि पुरा मुनीन्द्रा गृहीतवन्तो बहवः सुदीक्षाम्
न केवलत्व सकला अनैषुः नाऽपालि किन्तै र्घटिका द्वयेऽपि ४०

गुरो ! विमुच्येति वृथा प्रपञ्च श्रद्धा सुशुद्धा तरसा गृहीष्व
न शोभनः स्थानकवास एष न्त्यक्त स्वकीय गृहमेव यर्हि ४१

ज्ञात्वापि शुद्धा मुनि भिक्षु वाणीं तत्याज नैज न दुराग्रह स

भिक्षुं स्तर्दैत कुगुरु विहाय यथोचितायां विजहार भूमौ ४२

स्वत• प्रवृत्ता शुभ भाव दीक्षा वीर गुरु चेतसि मन्यमान

गृहीतवान् सत्र विशिष्ट धर्म्मे प्रवर्त्तयामास तथान्य साधून् ४३

विपक्षै रस सत्क्षेपे नाक्षेप क्षिप्यता जगा

रत रघु समुद्र किं घटे पूरयितु क्षम• ४४

जयतु जयतु लोक•-श्रील वीर विशोक•

भवतु भवतु भिक्षु.-कीर्त्तिमान् सर्व दिक्षु।

जयतु जयतु कालु-कान्ति कान्त. कृपालुः

मिलतु मिलतु योगः-सन्मुनीनां सगेग. ४५

प्रूफ संशोधक.—

अर्न्तीगट गुनामर्षीस्थ आशुकविरत्न

पं० रघुनन्दन आयुर्वेदाचार्य।

अस्तु—तेरापन्थ समाजस्थ साधुओं के संक्षेपतया आचार विचार पढ़ कर पाठकों को यह भ्रम अवश्य हुआ होगा कि जब साधु अपनी पुस्तक छपाने को अथवा नकल करने को किसी को नहीं देते तो यह इतनी बडी पुस्तक कैसे छपी।

पाठकों! पहिला छपा हुआ "भ्रमविध्वसन" तो इस द्वितीय बार छपे हुए "भ्रमविध्वंसन" का आधार है। पहिली बार कैसे छपा इसको कथा सुनिये।

एक कच्छ देशस्थ बेला ग्राम निवासी मूलचन्द कोलम्बी तेरापन्थी श्रावक था। साधुओं में उसकी अतुल भक्ति थी। और तपस्या करने में भी सामर्थ्यवान् था। साधुओं की सेवा भक्ति साधुओं के स्थान में आ आ कर यथा समय किया करता था। एक समय साधुओं के पास इस "भ्रम विध्वसन" की प्रति को देखकर उसका मन ललचा आया और इस ग्रन्थ को छपाने की उसने पूरी ही मन में ठान ली।

समय पाकर किसी साधु के पूठे में रक्खी हुई भ्रम विध्वंसन की प्रति को रात में चुरा ले गया और जैसे तैसे छपा डाला। पाठकों को यह भी ज्ञात होना चाहिये। कि वह भ्रम विध्वंसन जिसको कि वह चुरा ले गया था-खरडा मात्र ही था कहीं कटी हुई पंक्तिया थीं कहीं पृष्ठों के अङ्क भी क्रम पूर्वक नहीं थे। कहीं बीच का पाठ पत्रों के किनारों पर लिखा हुआ था। अतः उसने वह छपाया तो सही परन्तु अण्डवण्ड छपा डाला कई बोल आगे पीछे कर दिये कहीं किनारों पर लिखा हुआ छपाना ही छोड दिया। इतने पर भी फिर प्रूफ नाम मात्र भी नहीं देखा अतः ग्रन्थ एक विरूपता में परिणत हो गया। उस पहिले छपे हुए और इस द्वितीय वार छपे हुए भ्रम विध्वंसन में जहां कहीं जो आपको परिवर्त्तन मालूम होगा वह परिवर्त्तन नहीं है किन्तु जयाचार्य की हस्तलिखित प्रति में से धार धार कर वह ठीक किया हुआ है।

साखों में जो भूलें रह गई हैं उनको शुद्ध करने के लिये शुद्धाशुद्धि पत्र लगा दिया है। सो पाठकों का पुस्तक पढने से पहिले यह कर्त्तव्य होगा कि साखों को शुद्ध कर लें। पाठ में भी नये टाइप के योग से कहीं २ अक्षर रह गये हैं उनको पाठक मूल सूत्रों में देख सकते हैं।

नोट—भूमिका में भगवान् से आदि ले श्री कालूगणी तक की जो पट्ट परम्परा बाधी है उसमें वङ्ग चूलिया का भी प्रमाण समझना चाहिये।

पाठकों को बस इतना ही सामाजिक दिग्दर्शन करा कर अपनी लेखनी को विश्राम भवन में भेजा जाता है। और आशा की जाती है कि आबाल वृद्ध सब ही इस ग्रन्थ को पढ कर आशातीत फल को प्राप्त करेंगे। इति शम्

भवदीय

"ईसरचन्द" चौपड़ा।

शुद्धाशुद्धि पत्रम् ।

नीचे लिखे हुंए पृष्ठ पक्ति मिला कर अशुद्ध को शुद्ध कर लेना चाहिये । यंहा केवल शुद्ध पत्र दिया जाता है ।

पृष्ठ	पक्ति	
२०	१४	आचाराङ्ग श्रु० १ अ० ६ उ० १ गा० ११
२३	११	आचाराङ्ग श्रु० २ अ० १५
२४	६	भगवती श० १५ उ० ७
३२	४	भगवती श० ६ उ० ३१
६४	८	सूयगडाङ्ग श्रु० २ अ० ५ गा० ३३
८३	६	उत्तराध्ययन अ० १२ गा० १४
६६	२३	भगवती श० ६ उ० ३१
१४२	५	सूयगडाङ्ग श्रु० १ अ० १० गा० ३
१४४	१०	सूयगडाङ्ग श्रु० १ अ० २ उ० १ गा० १
१४७	१४	ठाणाङ्ग ठा० ४ उ० ४
१४६	२०	ठाणाङ्ग ठा० ३ उ० ३
१६८	६	अन्तगड व० ३ अ० ८
१६५	१८	भगवनी १५
२०७	१०	भगवती श० १८ उ० २
२४८	२२	पन्नवणा पद १७ उ० १
३०७	७	ठाणाङ्ग ठा० ५ उ० २ तथा सम० स० ५
३१३	७	ठाणाङ्ग ठा० १०
३२८	६	ठाणाङ्ग ठा० ५ उ० २ तथा सम० स० ५
३३८	१६	पन्नवणा पद ११
३४५	२०	भगवती श० १८ उ० ८
३५७	३	आचाराङ्ग श्रु० १ अ० ६ उ० ४
३८०	१७	भगवती श० ७ उ० ६
४०८	२३	आचाराङ्ग श्रु० १ अ० ३ उ० १
४२४	१५	सूयगडाङ्ग श्रु० १ अ० ४ उ० १ गा० १
४२५	११	उत्तराध्ययन अ० १५ गा० १६
४५१	१६	उत्तराध्ययन अ० १ गा० ३५
४५६	२१	सूयगडाङ्ग श्रु० १ अ० २ उ० २ गा० १३

अनुक्रमणिका ।

मिथ्यात्विक्रियाऽधिकारः ।

⊛ इस मिथ्यात्विक्रियाऽधिकार में प्रेस के भूतों की कृपा से १४ बोल की संख्या के स्थानपर १५ बोल हो गया है। अतः आगे सर्व संख्या ही इसी क्रम के अनुसार हो चुकी है अधिकार में ३० बोल हो गये हैं वास्तव में २६ बोल ही हैं। उसी प्रकार यहा अनुक्रमणिका में भी १४ बोल की संख्या छोड़नी पड़ी है।

संशोधक

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने मिथ्यात्विक्रियाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

दानाऽधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने दानाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

अनुकम्पाऽधिकारः ।

---

७ बोल पृष्ठ १३५ से १३६ तक।

गृहस्थां ने लड़ता देखी साधु मार तथा मतमार इम न चिन्तवे (आ० श्रु० २ अ० २ उ० १)

८ बोल पृष्ठ १३६ से १३७ तक।

साधु गृहस्थ नें अग्नि प्रज्वाल बुझाव इम न कहै (आ० श्रु० २ अ० २ उ० १)

९ बोल पृष्ठ १३७ से १३८ तक।

असंयम जीवितव्य वर्ज्यो छै। (ठा० ठा० १०

१० बोल पृष्ठ १३८ से १३९ तक।

असंयम जीवितव्य वांछणो नहीं (सू० श्रु० १ अ० १ गा० २४)

११ बोल पृष्ठ १३९ से १३९ तक।

असंयम जीवणो मरणो वांछणो वर्ज्यो (सू० श्रु० १ अ० १३ गा० २३)

१२ बोल पृष्ठ १४० से १४० तक।

असंयम जीवितव्य वाछणो वर्ज्यो (सू० श्रु० १ अ० १५ गा० १०)

१३ बोल पृष्ठ १४० से १४१ तक।

असंयम जीवणो वाछणो वर्ज्यो (सू० श्रु० १ अ० ३ उ० ४ गा० १५)

१४ बोल पृष्ठ १४१ से १४१ तक।

असंजम जीवितव्य वाछणो वर्ज्यो (सू० श्रु० १ अ० ५ उ० १ गा० ३)

१५ बोल पृष्ठ १४१ से १४२ तक।

असंजम जीवितव्य वांछणो नहीं (सू० श्रु० १ अ० १ गा० ३)

१६ बोल पृष्ठ १४२ से १४३ तक।

असंयम जीवितव्य वांछणो वर्ज्यो (सू० श्रु० १ अ० २ उ० २ गा० १६ ,

१७ बोल पृष्ठ १४३ से १४४ तक।

संयम जीवितव्य धारणो कह्यो (उत्त० अ० ४ गा० ७)

लब्धि-अधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने लब्ध्यधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

प्रायश्चित्ताऽधिकार ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने प्रायश्चित्ताऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

गोशालाऽधिकार।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने गोशालाऽधिकाराऽनुक्रमणिका समाप्ता ।

गुण वर्णनाऽधिकारः

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने गुणवर्णनाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

लेश्याऽधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने लेश्याऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

वैयावृत्ति-अधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने वैयावृत्ति-अधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

विनयाऽधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने विनयाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

पुण्याऽधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने पुण्याऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

आश्रवाऽधिकार ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने आश्रवाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

सम्वराऽधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने सवराऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

जीवभेदाऽधिकारः।

इति श्रीजयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने जीव भेदऽधिकारा नुक्रमणिका समाप्त।

आज्ञाऽधिकारः।

इति श्रीजयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने आज्ञाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

शीतल-आहाराऽधिकारः।

इति श्रीजयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने शीतलाहाराऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

सूत्र पठनाऽधिकारः ।

निरवद्य क्रियाऽधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने निरवद्य क्रियाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

निर्ग्रन्थाहाराऽधिकारः ।

इति श्रीजयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने निर्ग्रन्थाहाराऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

निर्ग्रन्थ निद्राऽधिकारः ।

इति श्रीजयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने निर्ग्रन्थ निद्राऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

एकाकि साधु-अधिकारः ।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने एकाकि साधु-अधिकारानुक्रमणिका समाप्ता।

उच्चारपासवणाऽधिकारः।

इति जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने उच्चारपासवणाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

कविताऽधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने कविताऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

अल्पपाप बहु निर्जराऽधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वसने अल्पपाप बहु निर्जराऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

कपाटाऽधिकारः ।

इति श्री जयाचार्य कृते भ्रमविध्वंसने कपाटाऽधिकारानुक्रमणिका समाप्ता ।

इत्यनुक्रमणिका ।

ॐ

भ्रम विध्वंसनम् ।

अथ मिथ्यात्वि क्रियाऽधिकारः ।

भ्रम विध्वंसन कुमति कुहेतु खंडन सुमति सुहेतु मुखमंडन मिथ्यात्व-मत विहडन सिद्धान्त न्याय सहित श्री भिक्षु महा मुनिराज कृत सिद्धान्त हुंडी तेहना सहाय्य थकी संक्षेप मात्र वली विशेषे करी परवादी ना कुहेतुनी शङ्का ते भ्रम तेहनूं विध्वंसन ते नाश करीवूं ए ग्रन्थे करि. ते माटे ए ग्रन्थ नूं नाम "भ्रम विध्वंसन" छै। ते सूत्र न्याय करी लिखिये छै।

भगवान् रो धर्म तो केवली री आज्ञा माही छै। ते धर्मरा २ भेद संवर. निर्जरा. ए विहूं भेदा में जिन आज्ञा छै। ए सवर निर्जरा वेहु इ धर्म छै। ए संवर निर्जरा टाल अनेरो धर्म नहीं छै। केइ एक पाषण्डी संवर ने धर्म श्रद्धे पिण निर्जरा नें धर्म श्रद्धे नहीं। त्यांरे सवर निर्जरांरी ओलखणा नहीं। ते संवर निर्जरा रा अजाण थका निर्जरा धर्म ने उथापवा अनेक कुहेतु लगावे। जिम अनाण वादी (अज्ञान वादी) पाषण्डी ज्ञान ने निषेधे तिम केई पाषण्डी साधु रा वेष माहि साधु रो नाम धरावे छै। अने निर्जरा धर्म ने निषेध रह्या छै। अने भगवान् तो ठाम २ सूत्र में संयम तप ए विहूं धर्म कह्या छै।

धम्मो मंगल मुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो ।
देवा वि तं नमंसंति जस्स धम्मे सया मणो ॥ १ ॥
(दशवैकालिक अध्ययन १ गाथा १)

इहां धर्म मंगलीक उत्कृष्ट कह्यो, ते अहिंसा ने संयम ने अने तपने धर्म कह्यो छै। संयम ते संवर धर्म, अने तप ते निर्जरा धर्म छै। अने त्याग विना जीवरी दया पाळे ते अहिंसा धर्म छै। अने जीव हणवारा त्याग ते संयम पिण कहीजै, अने अहिंसा पिण कहीजै। अहिंसा तिहा तो संयम नी भजना छै। अने संयम तिहा अहिंसा नी नियमा छै।

ए अहिंसा धर्म अने तप धर्म तो पहिला चार गुण ठाणा (गुणस्थान) पिण पावे छैं। पहिले गुणठाणे अनेक सुलभ बोधी जीवा सुपात्र दान देइ जीव-दया तपस्या, शीलादिक, भली उत्तम करणी शुभ योग शुभ लेश्या निरवद्य व्यापार थी परीतससार कियो छै। ते करणी शुद्ध आज्ञा माहिली छै। ते करणी रे लेखे देश थकी मोक्ष मार्ग नो आराधक कह्यो छै ते पाठ लिखिये छै।

अहं पुण गोयमा ! एव माइक्खामि जाव परूवेमि. एवं खलु मए चत्तारि पुरिस जाया पराणत्ता। तंजहा-सील-संपराणे नामं एगे नो सुय संपराणे, सुयसंपराणे नामं एगे नो सीलं संपराणे. एगे सील संपराणेवि सुय संपराणे वि एगे नो सील संपराणे नो सुय संपराणे ॥ १ ॥

तत्थणं जे से पढ़मे पुरिस जाए सेणं पुरिसे सीलवं असुयवं उवरए अविराणायधम्मे एसणं गोयमा ! मए पुरिसे देसाराहए पराणत्ते ॥ २ ॥

तत्थणं जे सो दोच्चे पुरिस जाए सेणं पुरिसे असीलवं सुतवं अणुवरए विराणाय धम्मे एसणं गोयमा ! मए पुरिसे देसविराहए पराणत्ते ॥ ३ ॥

तत्थणं जे से तच्चे पुरिस जाए सेणं पुरिसे सीलवं सुतवं उवरए विण्णाय धम्मे एसणं गोयमा! मए पुरिसे सव्वाराहए पण्णत्ते ॥ ४ ॥

तत्थणं जे से चउत्थे पुरिस जाए सेणं पुरिसे असीलवं असुतवं अणुवरए अविण्णाय धम्मे एसणं गोयमा! मए पुरिसे सव्व विराहए पण्णत्ते ॥

(भगवती शतक ८ उद्देश्य १०)

अ० हूं पिण हे गोतम! ए० इम कहूं छू जा० यावत् इम परूपूं. ए० इम निश्चय म्हे च० चार पुरुष ना प्रकार प्ररूप्या तं० ते कहै छै सी० शीलते क्रिया ते करी सम्पन्न पिण सु० ज्ञान सम्पन्न नथी सु० एक श्रुत ज्ञाने करी सम्पन्न छै, पिण शील कहिता क्रिया सम्पन्न नथी ए० एक शीले करी सहित अने ज्ञाने करी पिण सहित एक एक नथी शीले करी सहित अने नथी ज्ञाने करी सहित ॥ १ ॥

त० तिहा जे ते प्रथम पुरुष नों प्रकार से० ते पुरुष सी० शील कहितां क्रिया सहित पिण अ० श्रुत ज्ञान सहित नथी उ० पोतानी बुद्धिइ पाप थी निवर्त्यों छै अ० न जाण्यो धर्म. ए० हे गौतम! म्हे ते पुरुष देश आराधक प्ररूप्यो एव बाल तपस्वी ॥ २ ॥

त० तिहां जे ते बीजौ पुरुष प्रकार से० ते पुरुष अ० क्रियारहित छै पिण सु० श्रुतवन्त छै पाप थी निवर्त्यों नथी वि० अने ज्ञान धर्म ने जाण्यों छै सम्यक् दृष्टि ए० हे गौतम! म्हे ते पुरुष दे० देशविराधक कह्यो अव्रती सम्यग् दृष्टि जाणवो ॥ ३ ॥

त० तिहां जे तीजौ पुरुष प्रकार से० ते पुरुष सी० शीलवत (क्रियावत) छ सु० अनें श्रुतवत ते ज्ञानवन्त छै पाप थी निवर्त्यों छै वि० धर्म जाण्यों छै ए० हे गौतम! म्हे ते पुरुष स० सर्वाराधक कह्यो सर्व प्रकार ते मोक्ष नो साधक जाणवो एव गीतार्थ साधु ॥ ४ ॥

त० तिहां जे ते चौथा प्रकार नो पुरुष से० ते पुरुष अ० क्रिया करी ने रहित अ० अने श्रुतज्ञान रहित पाप थी निवर्त्यों नथी. अ० धर्म मार्ग जाणतो नथी. ए० हे गोतम! म्हे ते पुरुष. स० सर्व विराधक कह्यो अव्रती बाल तपस्वी ॥

अथ इहां भगवन्ते चार प्रकार ना पुरुष कह्या। तिहां पहिला पुरुष नी जाति शील ते क्रिया आचार सहित अने ज्ञान सम्यक्त्व रहित पाप थकी निवर्त्यों पिण धर्म जाण्यो नथी, ते पुरुष ने देश आराधक कह्यो, प्रथम भांगो ए बाल

तपस्वी नी आश्रय। बीजो भांगो शील क्रिया रहित अने ज्ञान शक्ति सहित ए अव्रती सम्यग्दृष्टि ते देश विराधक ते दूजो भागो। ज्ञान अने शील क्रिया सहित ते साधु सर्वव्रती सर्वआराधक ए तीजो भागो। अने ज्ञान क्रिया रहित अव्रती बाल पापी ए सर्वविराधक चौथो भागो। इहां प्रथम भांगा में ज्ञान सम्यक्त्व रहित शील क्रिया सहित ते बाल तपस्वी नें भगवन्ते देश अराधक कह्यो छै। अने केतला एक अजाग मिथ्यात्वी नी शुद्ध करणी ने आज्ञा बाहिरे कहे छै। ते करणी थी एकान्त स उग वचनो कहे छे ते एकान्त झूठ रा बोलणहार छै। जो मिथ्यात्वी री शुद्ध भली निरवद्य करणी आज्ञा बाहिरे हुवे तो वीतराग देव मिथ्या दृष्टि बाल तपस्वी ने देश अराधक क्यूं कह्यो। ए तो प्रत्यक्ष पहिला गुणठाणा वाला नों प्रथम भांगो ते बाल तपस्वी ने देशअराधक कह्यो। ते लेखे तेहनी शुद्ध करणी आज्ञा माहि छै। ते करणी निरवद्य छै। तिवारे कोई कहे ते मिथ्या दृष्टि बाल तपस्वी रे सम्वर वर्ततो तो किञ्चित् मात्र नहीं तो व्रत बिना देशआराधक किम हुवे।

इम पूछे तेहनो उत्तर—व्रती ने तो सर्व आराधक कहीजे। अने ए बाल तपस्वी ने व्रत नहीं पिण निर्जरा रे लेखे देशआराधक कह्या छै। ए करणी थी घणी कर्मांनी निर्जरा हुवे छै। इम घणी २ कर्मा नी निर्जरा करता घणा जीव सम्यग्दृष्टि पाय मुक्ति गामी थया छै। तामलीतापस ६० हजार वर्ष तांई बेले २ तपस्या कीधी तेहथी घणा कर्म क्षय किया। पछे सम्यग्दृष्टि पाय मुक्तिगामी एकावतारी थयो। जो ए तपस्या न करतो तो कर्मक्षय न हुन्ता ते कर्मांनी निर्जरा विना सम्यग्दृष्टि किम पावतो। अनें एकावतारी किम हुन्तो। वली पूरण तापस १२ वर्ष बेले २ तप करी घणा कर्म खपाया चमरेन्द्र थयो सम्यग्दृष्टि पामी एकावतारी थयो। इत्यादिक घणा जीव मिथ्यात्वी थका शुद्ध करणी थकी कर्म खपाया ते करणी शुद्ध छै। मोक्षनो मार्ग छै। ते लेखे भगवन्त देश अराधक कह्यो छै। तिवारे कोई अज्ञानी जीव इम कहे एनो देश आराधक कह्यो छै। ते मिथ्यात्वी री करणी रो देश आराधक कह्यो छै, पिण मोक्ष मार्ग रो देश आराधक नहीं। तेहनो उत्तर—जो ए प्रथम भागावाला बाल तपस्वी ने देश आराधक मुक्ति मार्ग नो न कह्या तो बाकी तीन भांगा में अव्रती सम्यग्दृष्टि ने देश विराधक कह्या, ते पिण तेहनी करणी रो कहिणो। मोक्ष मार्ग रो विराधक न कहिणो। अनें तीजे भागे साधु ने सर्व आराधक कह्यो ते पिण तिण रे लेखे मोक्ष मार्ग रो सर्व

आराधक न कहिणो। ए पिण तिण री करणी रो कहिणो। अनें चौथे भांगे अनार्य ने सर्वविराधक कह्यो। ए पिण तिण रै लेखे अनार्य री करणी रो सर्वविराधक कहिणो। पिण मोक्ष मार्ग रो सर्वविराधक न कहिणो। अनें जो यां तीना ने मोक्ष मार्ग रा आराधक तथा विराधक कहै, तो प्रथम भांगे बाल तपस्वी ने पिण मोक्ष मार्ग रो देशआराधक कहिणो। ए तो प्रत्यक्ष पाधरो भगवन्ते कह्यो। जे साधु नें तो सर्वआराधक मोक्ष मार्ग नो कह्यो. तिण रो देश मोक्ष रो मार्ग तपरूप बाल तपस्वी आराधे ते भणी बाल तपस्वी नेमोक्ष मार्ग रो देश आराधक कह्यो छै। अने जे अजाण कहे---तेहनी करणी रो देश अराधक कह्यो छै। ते विरुद्ध कहै छै। जे तेहणी करणी रो तो सर्वआराधक छै। जे पोता नी करणी रो देश आराधक किम हुवे। जे पोतारी करणी रो देशआराधक कहे ते अण विमास्या ना बोलण हारा छै। मद पीधां मतवालां नी परे विना विचास्या बोले छै। ए तो प्रत्यक्ष मोक्ष रो मार्ग तपरूप आराधे ते भणी देश अराधक कह्यो छै। भगवती नी टीका में पिण ज्ञान तथा सम्यक्त्व रहित क्रिया सहित बाल तपस्वी ने मोक्षमार्ग नों देश आराधक कह्यो छै। ते टीका लिखिये छै।

देसाराहएति—स्तोक मश मोक्ष मार्गस्याराधयती त्यर्थः।

सम्यग्बोध रहितत्वात् क्रिया परत्वात्।

पहनो अर्थ—स्तोक कहता थोडो अंश मोक्ष मार्ग रो आराधे ते सम्यग्-बोध ते सम्यग्दृष्टि रहित छै। अने क्रिया करवा तत्पर छै। ते भणी देश आरा-धक रह्यो। वली टीका में "सुयसंपण्णे" कहिता श्रुत शब्दे ज्ञान दर्शन ने कह्यो छै। ते टीका लिखिये छै।

श्रुत शब्देन ज्ञान दर्शनयोर्गृहीतत्वात्।

पहनों अर्थ—श्रुत शब्दे करि ज्ञान दर्शन वेहनो ग्रहण करिये। इहां ज्ञान दर्शन नें श्रुत कह्या छै ते श्रुते करी रहित कह्या माटे मिथ्यादृष्टि, अने शील क्रिया सहित ते भणी देश आराधक कह्यो. एतो चौड़े मोक्ष मार्ग रो अराधक टीका में तथा वड़ा टब्बा में पिण कह्यो। अने इण करणी नें आज्ञा बाहिरे कहे ते वीतराग

रा वचन रा उत्थापण हार छै । मृषावादी छै । एतला न्याय सूत्र अर्थ बताया पिण न समझै तेहनै कुमार्ग रो पक्षपात ज्यादा दीसै छै । दर्शन मोहरो उदय विशेष छै । डाहा होय तो विचारि जोय जो ।

इति १ बोल सम्पूर्ण ।

वलीप्रथम गुण ठाणा रो धणी सुपात्र दान देइ परीत संसार करि मनुष्य नो आयुषो बांध्यो सुबाहुकुमार ने पाछिले भवे सुमुख गाथापति ई । ते पाठ लिखिए छै ।

तेणं कालेणं. तेणं समएणं. धम्म घोसाणं थेराणं. अन्तेवासी. सुदत्तेनामं अणगारे. उराले जाव तेय लेसे. मासं मासेणं खममाणे विहरंति । ततेणं से सुदत्ते अणगारे. मास खमण पारणगंसि. पढ़माए पोरसीए सज्झायं करेति जहा गोयम सामी तहेव सुधम्मे थेरे. आपुच्छति । जाव अडमाणे सुमुहस्स. गाहावतिस्स. गिहं अणुपविट्ठे. ततेणं से सुमुहे गाहावती. सुदत्तं अणगारं एज्जमाणं. पास तिपासित्ता. हट्ठतुट्ठ आसणाओ. अब्भुट्ठेति २. पादपीठाओ पच्चोरुहति । पाओयाओमुयइ. एग साडियं उत्तरा संगं करे ति २ । सुदत्तं अणगारं सत्तट्ठ पयाइं पच्चू गच्छइ तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ २ । वंदइ णमंसइ २ त्ता । जेणे-व भत्त घरे तेणे व उवागच्छइ २ त्ता । सय हत्थेणं विउलेणं असण पाण खाइम साइम पडिलाभे सामीत्ति । तुट्ठे ३ तत्तेणं तस्स सुमुहस्स तेणं दव्व सुद्धेणं तिविहेणं. तिकरण सुद्धेणं

२। सुदत्ते अणगारे पड़िलाभए समाणे संसारे परित्ति कए मनुस्साउए निवद्धे।

(विपाक सूत्र सुख विपाक अध्ययन १)

ते० तेणं काले तेणं समय ध० धर्म घोषनामें थे० स्थविर नें अ० समीप नों रहणा हार सु० सुदत्तनामा अणगार उ० उदार जा० यावत् गोपवी राखी छै तेजू लेश्या मा० ते मास मास खमण करतो वि० विचरै छै। त० तिवारे पछे से० ते सुदत्त नामे अणगार मा० मास खमण ना पारणा ने विषय प० पहिली पौरसीइ स० सज्झाय करे ज० जिम गोतम स्वामी त० तिम सु० धर्मघोष बीजो नाम सुधर्म थे० स्थविर ने पूछी ने जा यावत् वलि गोचरी करता सु० सुमुख नामे गा० गाथापति ने गि० घर प्रवेश कीधो त० तिवारे ते सु० सुमुख नामे गाथापति सु० सुदत्त अणगार साउने ए० आंवता पा० देखे पा० देखी ने हृ० हर्ष्यो सन्तोष पाम्यो शीघ्र पणे आसण थी अ० उठै उठी नै पा० बाजोट थी हेठो उतरयो उतरी ने. पा० पगनी पानही मूकी ने ए० एक शाटिक उत्तरासग कीधो करी ने सु० सुदत्त अणगार. स० सात आठ पग साहमो आवै आवीने ति० त्रिणवार आ० प्रदक्षिणा पासा थी आरभी ने प्रदक्षिणा करै करीने व० वांदे नमस्कार करै वरीने जे० जिहा, भ० भातवर छै त० तिहां उ० आव्या आवीने स० आपना हाथ थकी वहराव्या अ० अशन पाण खादिम सादिम प० वहराव्या वहिरावीनें तु० संतोषपाम्यो त० तिवारे सुमुख गाथापति ते० ते द० द्रव्य शुद्ध ते मनोज्ञ आहार १ दातारना शुद्ध भाव २ लेणहार पिण पात्र शुद्ध ३ ति० तिहु प्रकार मन वचन काया करी ने सुदत्त अणगार ने प० प्रतिलाभ्या थके सुमुख स० ससार परीत कीधो म० अनें मनुष्य नो आयुषो वाध्यो ।

